सं. डीआरडी/परामर्शक/2026-भाग (1)

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

वी. रामालिंगस्वामी भवन

अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

दिनांक: 13 नवंबर, 2026

परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के डेवलपमेंट अनुसंधान प्रभाग हेतु वरिष्ठ परामर्शक (एक्सट्राम्यूरल एवं इंट्राम्यूरल अनुसंधान) के (एक पद) पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है, जो परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के विकास अनुसंधान प्रभाग (डेवलपमेंट रिसर्च डिवीजन) के लिए वरिष्ठ परामर्शक (एक्सट्राम्यूरल/इंट्राम्यूरल अनुसंधान) की नियुक्ति करने हेतु पात्र सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

1. केंद्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से सेवानिवृत्त इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार संलग्न अनुलग्नक-1 में दिए गए निर्धारित आवेदन प्रपत्र में अपना आवेदन परिषद मुख्यालय कार्यालय, नई दिल्ली को प्रस्तुत कर सकते हैं।
2. चयनित उम्मीदवार की तैनाती परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के डेवलपमेंट अनुसंधान प्रभाग में की जाएगी।
3. **आयु सीमा:** आवेदन प्राप्ति अंतिम तारीख तक उम्मीदवार की अधिकतम आयु 65 वर्ष से कम।

4. **पात्रता मानदंड:**किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हो तथा जिन्होंने केंद्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में प्रशासनिक क्षेत्र में वेतन स्तर-7 एवं उससे ऊपर के स्तर पर कम से कम 12 वर्ष का अनुभव के साथ केंद्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी हो।

या

केंद्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में प्रशासनिक के क्षेत्र में कम से कम 12 वर्ष का अनुभव रखने वाले ऐसे पेशेवर, और जिनके पास प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए।

वांछनीय अर्हता एवं अनुभव: प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री धारी उम्मीदवार एक्सट्राम्यूरल/इंट्राम्यूरल अनुसंधान कार्यक्रमों में कार्य करने का अनुभव तथा कंप्यूटर अनुप्रयोगों का भी ज्ञान हो।

5. पारिश्रमिक एवं अन्य सुविधाएँ।

क. भारत सरकार से पेंशन प्राप्त नहीं कर रहे उम्मीदवारों को उनकी सेवा अवधि/अनुभव/योग्यता के आधार पर 1,00,000/- रुपये से 1,50,000/- रुपये प्रति माह के बीच (सभी भत्तों सहित) यथा चयन समिति द्वारा जो भी निश्चित किया जाए, पारिश्रमिक देय होगा।

या

ख. केंद्रीय/राज्य सरकारों/स्वायत्त निकायों आदि से पेंशन प्राप्त कर रहे उम्मीदवारों के लिए पारिश्रमिक, वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा दिनांक 9 दिसंबर, 2020 को जारी कार्यालय ज्ञापन सं. 3-25/2020-E.IIIA के अनुसार देय होगा। (अंतिम आहरित वेतन में से घटाने के पश्चात् शेष पेंशन, यात्रा भत्ता, यदि लागू हो तो)।

क्रमश: 2

6. परामर्श की अवधि: वरिष्ठ परामर्शक (एक्सट्राम्यूरल/इंट्राम्यूरल अनुसंधान) की नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष होगी। इसके बाद कार्य की आवश्यकता के आधार पर यदि विस्तार हुआ,तो प्रत्येक मामले पर अलग-अलग विचार करते हुए, सक्षम प्राधिकारी द्वारा किए गए कार्य निष्पादन मूल्यांकन में निर्धारित मानदंडों को पूरा करने के तहत अवधि बढ़ाई जा सकती है। नियुक्ति की कुल अवधि पाँच वर्ष तक अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक होगी, जो भी पहले हो।

7. वरिष्ठ परामर्शक (एक्सट्राम्यूरल/इंट्राम्यूरल अनुसंधान) किसी अन्य प्रकार की सुविधाएं, जैसे मानदेय अथवा भत्ता यथा महंगाई भत्ता, आवासीय टेलीफोन, परिवहन सुविधा, आवासीय आवास, निजी स्टाफ, केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि के हकदार नहीं होंगे।

8. कार्यभार ग्रहण करने अथवा कार्यकाल पूर्ण होने पर कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। यघपि, वरिष्ठ परामर्शक (एक्सट्राम्यूरल/इंट्राम्यूरल अनुसंधान) के रूप में नियुक्त सेवानिवृत्त सरकारी पदाधिकारियों को सरकारी कार्य के संबंध में देश के भीतर की गई यात्रा के लिए उनकी सेवानिवृत्ति के समय की पात्रता के अनुसार यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय होगा।

9. वरिष्ठ परामर्शक (एक्सट्राम्यूरल/इंट्राम्यूरल अनुसंधान) के लिए कार्य का समय आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के समान ही होगा। कार्यालय समय के पश्चात कार्य करने पर कोई अतिरिक्त लाभ देय नहीं होगा। बिना किसी वैध कारण के लगातार 08 दिनों तक प्राधिकृत रुप से अनुपस्थिति रहने पर नियुक्ति स्वतः ही समाप्त हो जाएगी।

10. अवकाश: सेवा का प्रत्येक माह पूरा करने पर 1.5 दिन प्रति माह की दर पर सवेतन अवकाश की अनुमति दी जा सकती है। अतः, वरिष्ठ परामर्शक (एक्सट्राम्यूरल/इंट्राम्यूरल अनुसंधान) को प्राधिकृत अवकाश अवधि से अधिक दिनों तक अनुपस्थित रहने की स्थिति में कोई पारिश्रमिक देय नहीं होगा। नियुक्ति अवधि के दौरान उपयोग न किया गया अवकाश, नियुक्ति के नवीनीकरण करने की स्थिति में आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। छुटियों का रिकोर्ड संबंधित प्रभाग-प्रमुख/संस्थान/केंद्र द्वारा रखा जाएगा। मातृत्व अवकाश भारत सरकार के मातृत्व लाभ अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार देय होगा।

11. उपर्युक्त पदों से अपेक्षित कार्यों का क्षेत्र निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	**पद का नाम**	**पदों की संख्या**	**कार्य क्षेत्र /सौंपे जाने वाले दायित्वों का विवरण**
1.	परामर्शक (एक्सट्राम्यूरल अनुसंधान)	01	अल्प अवधि, कम लागत वाले प्रस्तावों, तदर्थ परियोजनाओं, टास्क फोर्स परियोजनाओं, राष्ट्रीय रजिस्ट्री, उन्नत अनुसंधान केंद्रों, क्षमता निर्माण/उच्च गुणवत्ता वाले सतत अनुसंधान हेतु सहायता आदि से संबंधित एक्सट्राम्यूरल अनुसंधान कार्यक्रमों के सभी प्रशासनिक मामलों में सहायता प्रदान करना। अल्प अवधि, कम लागत वाले प्रस्तावों, तदर्थ परियोजनाओं, टास्क फोर्स परियोजनाओं, राष्ट्रीय रजिस्ट्री, उन्नत अनुसंधान केंद्रों, क्षमता निर्माण/उच्च गुणवत्ता वाले सतत अनुसंधान हेतु सहायता आदि से संबंधित इंट्राम्यूरल अनुसंधान कार्यक्रमों के सभी प्रशासनिक मामलों में सहायता करना। सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपा जाने वाला अन्य कोई कार्य।

क्रमश: 3

भर्ती की प्रक्रिया :

12. साक्षात्कार हेतु अल्पसूचीबध्द किए गए उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा, जिसकी सूचना उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजी जाएगी।

13. उम्मीदवार का चयन साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन के आधार पर होगा।

14. पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार की तारीख पर सत्यापन हेतु उपर्युक्त सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियां साथ में लानी होंगी।

15. उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव एवं प्रशंसा-पत्रों के प्रमाण तथा पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) की प्रति की विधिवत स्व-सत्यापित प्रतियां जमा करवानी होंगी।

16. अपूर्ण आवेदन अथवा निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत नहीं किए गए आवेदन अथवा जिनमें फोटो एवं हस्ताक्षर नहीं होंगे अथवा जो अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होंगे, सामान्यतः निरस्त कर दिया जाएगा।

17. गलत अथवा झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

18. शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान/संगठन से होना चाहिए।

19. महानिदेशक, आईसीएमआर किसी भी आवेदन को बिना कोई कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार/अनुशंसा पर विचार नहीं किया जाएगा।

20. **महानिदेशक, आईसीएमआर वेबसाइट पर विज्ञापित पद को भरने अथवा न भरने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।**

21. **महानिदेशक, आईसीएमआर प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों का पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, जो एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा।**

22. साक्षात्कार में सम्मिलित होने अथवा पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार की अवधि के दौरान तथा चयनित होने की स्थिति में पद पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

23. उपर्युक्त रिक्तियों के संबंध में कोई भी परिशिष्ट/शुद्धि-पत्र केवल आईसीएमआर की वेबसाइट https://icmr.gov.in पर ही अपलोड किया जाएगा। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अद्यतन जानकारी से अवगत रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट (https://icmr.gov.in) का अवलोकन करते रहें।

24. आवेदन कैसे करें

इच्छुक उम्मीदवार अनुलग्नक-I में संलग्न निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन, शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण-पत्रों की स्व-सत्यापित छायाप्रतियों तथा पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) की प्रति के साथ निम्नलिखित पते पर दिनांक **10 दिसंबर, 2026** को या उससे पूर्व भेज सकते हैं:-

क्रमशः 4

सेवा में,

प्रभाग-प्रमुख कार्यालय,
डेवलपमेंट अनुसंधान प्रभाग,
भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद,
तीसरी मंजिल, एनआईएमएस भवन,
वी. रामालिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर,
नई दिल्ली-110029।

देरी से प्राप्त होने वाले/अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उन्हें बिना कोई कारण बताए सीधे निरस्त कर दिया जाएगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार/संचार पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन पर्याप्त समय रहते जमा करें।

25. किसी भी प्रकार का बाहरी दबाव डलवाने पर उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

26. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

-हस्त-
पूनम पाल
प्रशासन अधिकारी (डेवलपमेंट अनुसंधान प्रभाग)

अनुलग्नक-I

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

वरिष्ठ परामर्शक (एक्सट्राम्यूरल/इंट्राम्यूरल अनुसंधान) की पूर्णतः संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र

नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएँ

आवेदन का प्रारूप

1.	आवेदित पद	
2.	विज्ञापन संख्या, यदि कोई हो	
3.	अभ्यर्थी का नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में)	
4.	पिता/पति या पत्नी का नाम	
5.	जन्म तिथि	
6.	वर्तमान आयु	वर्ष.....माह.....दिन
7.	लिंग	पुरुष/महिला
8.	**श्रेणी:** सामान्य/अनुसूचितजाति/अनुसूचित जनजाति/अन्यपिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र का प्रमाण संलग्न करें।)	
9.	पत्राचार हेतु पता	
10.	स्थाई पता	
11.	मोबाइल नंबर	
12.	ई-मेल आईडी	
13.	**शैक्षिक योग्यताएँ** (उत्तीर्ण की गई सभी शैक्षिक/व्यावसायिक परीक्षाओं एवं प्राप्त डिग्रियों का विवरण (उच्चतम योग्यता से प्रारंभ करते हुए कालक्रमानुसार)।	

उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	**उत्तीर्ण वर्ष**	**बोर्ड/विश्वविद्यालय**	**अंकों का प्रतिशत एवं श्रेणी**	**अध्ययन के विषय**

14.	अनुभव (वर्तमान नियोक्ता से प्रारंभ करते हुए कालक्रमानुसार)।

क्र. सं.	**नियोक्ता का नाम**	**पद**	**कार्यभार ग्रहण करने की तारीख**	**कार्य छोड़ने की तारीख**	**कार्य की प्रकृति**

15. कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी	

घोषणा

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी किसी भी चरण में असत्य अथवा गलत पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना अथवा उसके बदले किसी भी प्रकार के मुआवजे के निरस्तीकरण/समाप्ति के अधीन होगी।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

स्थान:
दिनांक:

संलग्नक: सभी प्रमाण-पत्रों/प्रशंसापत्रों/पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) की स्व-सत्यापित प्रतियाँ।